सहगल फाउंडेशन संस्था ने किसानों को दिया एकदिवसीय प्रशिक्षण

नवज्योति/समदड़ी।

समदडी स्टेशन कस्बे में सहगल फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं पौधे वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सहगल फाउंडेशन के द्वारा किसानों को कृषि में नवीनतम तकनीकों की जानकारी देने के लिए बायर क्रॉप साइंस के सहयोग से राजस्थान के मरुस्थल क्षेत्र में समदड़ी ब्लॉक के गांवों में उन्नति परियोजना आरंभ कीं गई, इसके तहत क्षेत्र के 6 किसानों को बागवानी एवं फॉर्म पौण्ड के लिए प्रेरित किया गया। प्रत्येक किसानों से 1 एकड़ भूमि में बेर, अनार के लिए गड्ढे खुदवाए गए, साथ ही किसानों को संस्था द्वारा बेर के 130 पौधे एवं अनार के 350 पौधे एवं सूक्ष्म पोषक तत्व नीम की खली वितरित की गई और पौधों की देखभाल के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सहगल फाउंडेशन से संजय कुमार, प्रशांत शुक्ला, रामावतार सैनी, विक्रम शर्मा, मोहनराम मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner

एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम

समदड़ी | समदड़ी स्टेशन कस्बे में सहगल फाउंडेशन की ओर से एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सहगल फाउंडेशन के द्वारा किसानों को कृषि में नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी। क्षेत्र के छह किसानों को बागवानी एवं फॉर्म पौण्ड के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को संस्था द्वारा बेर के 130 पौधे एवं अनार के 350 पौधे वितरण किए।

Scanned by CamScanner

किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

समदड़ी स्टेशन. कस्बे में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण एवं पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संजय कुमार, प्रशांत शुक्ला, रामावतार सैनी ने किसानों को उन्नत कृषि, कृषि योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को अनार, बेर के पौधे वितरित किए।

Scanned by CamScanner